OFFICE OF THE PRINCIPAL,
GOVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE,
BHADROTA, DISTT. MANDI H.P.

TELEFAX NO- 01905292226, EMAIL ID- ITIBHADROTA@GMAIL.COM WEBSITE- WWW.GOVTITIBHADROTA.EDU.IN

No. ITI/BDR/Auction/2025- 638 Dated: 23/10/2025

## नीलामी सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदारोता जिला मण्डी हि0प्र0 के भण्डार में (Govt. head, SWF, IMC) के तहत पुराने सामान (unserviceable items/scrap) की नीलामी दिनांक 06.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदारोता के प्रांगण में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त दिनांक को नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है या इस नीलामी में भाग लेने के लिए अपने प्रतिनिधि को नियुक्त कर सकते है। इच्छुक बोलीदाताओं को बोली देने से पहले संस्थान के रोकड़िया के पास 500/– रूपये बतौर जमानत जमा करवाने होगे। बोली समाप्त होने पर सफल बोलीदाता के मामले में जमानत राशि समायोजित कर दी जाएगी। सफल बोलीदाता को सामान बोली समाप्त होने के उपरांत ही ले जाना होगा।

नीलामी की अन्य शर्ते नीलामी के समय कमेटी के द्वारा बताई जायेगी। कमेटी को किसी भी बोलीदाता की बोली अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**सार्वजनिक नीलामी की शर्ते निम्नलिखित होगीः –**

1. नीलामी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदारोता के परिसर में होगी।
2. बोली उच्च बोलीदाता के पक्ष में कर दी जायेगी।
3. निश्चित अवधि तक उपरोक्त सामान न उठाया गया तो जमानत राशि जब्त कर दी जाएगी तथा एक सप्ताह पश्चात् 100/– रूपये प्रति दिन के हिसाब से वसुल किए जाएंगें इसके लिए बोली दाता स्वयं जिम्मेवार होगें।

प्रधानाचार्य / Principal
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान / Govt. I.T.I. Bhadrota
भदरोता, जिला मण्डी (हि0प्र0) / Distt. Mandi (H.P.)
दिनांकः

पृष्ठा. संख्या. उपरोक्त।
प्रतिलिपिः

1. निदेशक, तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. उपमण्डलाधिकारी सरकाघाट को सूचनार्थ एंव अनुरोध है कि आम जनता की जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने की कृपा करें।
3. प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय इजीनियरिंग, फार्मेसी, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई को सूचनार्थ।
4. आम जनता की जानकारी हेतु नीलामी के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रदर्शित करने हेतु।
5. स्टोर कीपर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदरोता को सूचनार्थ एवं आगमी कार्यावाही हेतु।
6. बेवसाइट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदरोता।
7. समस्त सदस्यों आंतरिक कमेटी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदरोता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित है।
8. सूचना पट्ट।

प्रधानाचार्य / Principal
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान / Govt. I.T.I. Bhadrota
भदरोता, जिला मण्डी (हि0प्र0) / Distt. Mandi (H.P.)